**महोबा पुलिस**

दिनांक- 07.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 313/26

## जनपद महोबा पुलिस का "ऑपरेशन रिंग रिटर्न" बना आमजन के विश्वास का प्रतीक, 151 गुम/खोए मोबाइल फोन (कीमत करीब 30 लाख ₹) बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को किए गए सुपुर्द।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन एवं प्रभावी नेतृत्व में जनपद महोबा पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन रिंग रिटर्न" के अंतर्गत गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में जनपदीय सर्विलांस सेल, साइबर थाना तथा जनपद के समस्त थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा समन्वित एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई।

अभियान के दौरान CEIR पोर्टल पर प्राप्त ट्रेसेबिलिटी विवरण, पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की गई। सतत तकनीकी निगरानी, टीम वर्क एवं अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप पुलिस टीमों ने विभिन्न स्थानों से कुल 151 गुम/खोए मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये है।

आज दिनांक 07 जुलाई 2026 को पुलिस लाइन महोबा में आयोजित एक समारोह में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को विधिवत सुपुर्द किए गए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस प्राप्त कर नागरिकों के चेहरों पर प्रसन्नता, संतोष एवं राहत स्पष्ट रूप से दिखाई दी। अनेक लोगों ने महोबा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस कार्य को पुलिस की संवेदनशीलता, तकनीकी दक्षता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

इस उपलब्धि में जनपदीय सर्विलांस सेल, साइबर थाना तथा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं साइबर हेल्प डेस्क का विशेष सहयोग एवं समन्वित प्रयास रहा, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों तक पुनः पहुँचाए जा सके हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उक्त बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।



महोबा पुलिस

दिनांक- 07.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 314/26

# पुलिस अधीक्षक महोबा ने किया अंतर्जनपदीय बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता–2026 का भव्य शुभारंभ, खेल भावना व अनुशासन का दिया संदेश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह (IPS) द्वारा महोबा पुलिस के तत्वावधान में आयोजित प्रयागराज जोन/रेंज की अंतर्जनपदीय महिला एवं पुरुष बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता–2026 का आज दिनांक 07.07.2026 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, महोबा में फीता काटकर विधिवत एवं भव्य शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता दिनांक 07.07.2026 से 09.07.2026 तक आयोजित कराई जाना प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय के आगमन पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के माध्यम से जहां शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, वहीं अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में खेलों का विशेष महत्व है, क्योंकि यह न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि तनावमुक्त एवं सकारात्मक कार्यसंस्कृति को भी प्रोत्साहित करते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान करते हुए कहा कि जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता एवं अनुशासन है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से अपने-अपने जनपद एवं प्रयागराज रेंज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उक्त प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर एवं महोबा के महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। प्रतियोगिता के दौरान बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर खिलाड़ियों में उत्साह, ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विशेष वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण, प्रशिक्षकगण, खिलाड़ीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे प्रतियोगिता का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।






**महोबा पुलिस**

दिनांक- 07.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 315/26

**सर्किल कुलपहाड़ थाना पनवाड़ी**

# थाना पनवाड़ी पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष पनवाड़ी द्वारा गठित पुलिस टीम के उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, का0 इन्द्रपाल चौहान एवं का0 राममिलन द्वारा लोधीपुरा चौराहे से खंगर्रा जाने वाले मार्ग से 01 नफर अभियुक्त जगतराज पुत्र करन सिंह, उम्र करीब 22 वर्ष, निवासी ग्राम शेरगढ़ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनवाड़ी पर मु0अ0सं0 94/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. का0 इन्द्रपाल चौहान, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
3. का0 राममिलन सिंह, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

जगतराज पुत्र करन सिंह, निवासी ग्राम शेरगढ़ थाना पनवाड़ी जनपद महोबा

**बरामदगी-**

- 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
- 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर

**अपराध का विवरण-**

- मु0अ0सं0 94/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना पनवाड़ी जनपद महोबा



## महोबा पुलिस

दिनांक- 07.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 317/26

# अपर पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में बाल कल्याण एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी व विधिक कार्यवाही पर दिया गया विशेष बल...।

- आज दिनांक 07.07.2026 को जनपद महोबा की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक महोबा के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा (नोडल अधिकारी) की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (AHTU) की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई।
- बैठक के दौरान गुमशुदा/अपहृत बालक/बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी, मेडिकल परीक्षण, धारा 180 एवं 183 बीएनएसएस के अंतर्गत बयान, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (CWC) के समक्ष प्रस्तुतिकरण, पॉक्सो एक्ट, बंधुआ मजदूरी अधिनियम, अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम तथा किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत प्रारूप (क) एवं (ख) के अनुपालन सहित विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि—

- गुमशुदा बच्चों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
- मेडिकल परीक्षण, बयान एवं CWC के समक्ष प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया समयबद्ध एवं विधिसम्मत रूप से पूर्ण की जाए।
- पॉक्सो एक्ट, बंधुआ मजदूरी एवं अनैतिक देह व्यापार से संबंधित मामलों में कठोर एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित की जाए।
- किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रारूप (क) एवं (ख) का अनिवार्य रूप से अनुपालन किया जाए।
- विवेचना के दौरान आने वाली समस्याओं का समय रहते निराकरण कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए।

- गोष्ठी में जिला बाल कल्याण समिति महोबा, चाइल्ड लाइन महोबा, श्रम विभाग महोबा, सखी वन स्टॉप सेंटर महोबा, जिला प्रोबेशन कार्यालय महोबा, जी.आर.पी. महोबा, किशोर न्याय बोर्ड महोबा, स्वास्थ्य विभाग महोबा, अभियोजन कार्यालय महोबा के प्रतिनिधियों सहित प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, प्रभारी एसजेपीयू, प्रभारी महिला थाना एवं जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**महोबा पुलिस**

दिनांक- 07.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 318/26

# अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने वर्चुअल बैठक कर माल निस्तारण, ऑपरेशन क्लीन एवं साइबर हेल्पडेस्क की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

- आज दिनांक 07.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- बैठक के दौरान माल निस्तारण (Mal Nistaran) की समीक्षा करते हुए लंबित माल के शीघ्र एवं विधिसम्मत निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत हाइब्रिड मॉडल पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मालखाना मुहर्रिरों को ऑफलाइन एवं एसएचओ/एसओ को ऑनलाइन माध्यम से जोड़कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा निस्तारण की प्रक्रिया को और अधिक गति देने के निर्देश दिए गए।

- इसी क्रम में साइबर हेल्पडेस्क की समीक्षा हेतु थाना प्रभारी एवं साइबर हेल्पडेस्क प्रभारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर साइबर अपराधों के त्वरित निस्तारण, पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने एवं जनजागरूकता बढ़ाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखें।

